सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **208**
12/03/2026

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालयों में कक्षा 01 के नामांकन हेतु ऑनलाइन लॉटरी 9 से 14 मार्च के बीच

पटना 12 मार्च, 2026 :– अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित राज्य के 91 डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा 01 एवं कक्षा 06 में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

इन विद्यालयों में कक्षा 06 में नामांकन के लिए 22 फरवरी 2026 को राज्यस्तरीय लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। वहीं कक्षा 01 में नामांकन के लिए ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली अपनाई जा रही है।

विभाग द्वारा कक्षा 01 के नामांकन हेतु 09 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 के बीच विभिन्न जिलों में ऑनलाइन लॉटरी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शी तरीके से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

विभाग के अनुसार, लॉटरी प्रक्रिया संबंधित जिलों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जा रही है, जिसमें अभिभावकों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में ऑनलाइन माध्यम से चयन किया जाएगा। लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों का नामांकन संबंधित विद्यालयों में किया जाएगा।

बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित ये आवासीय विद्यालय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा, भोजन तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएँ प्रदान करते हैं, जिससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

----------------------------------